# प्रेस नोट - थाना साइबर क्राइम

# शाहजहांपुर पुलिस

## प्रेस नोट-सराहनीय कार्य दिनांक : 12.03.2025

## "थाना साइबर क्राइम व थाना सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस टीम द्वारा साइबर क्राइम संबंधित शिकायत में शिकायतकर्ता के साथ हुई आनलाइन धोखाधड़ी की धनराशि रु0 3,03,000/- वापस कराई गयी"

पुलिस उपमहानिरीक्षक/ पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर महोदय के निर्देशानुसार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के निर्देशन में व प्रभारी थाना साइबर क्राइम के कुशल नेतृत्व में साइबर क्राइम से संबंधित घटनाओं को गम्भीरता से लिया जा रहा तथा साइबर अपराध की निरन्तर समीक्षा की जा रही है। थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम को साइबर ठगी की घटना में संलिप्त अपराधियों की विशेष निगरानी एवं साइबर क्राइम से ठगे गये लोगों को उनकी धनराशि वापस कराये जाने के सम्बन्ध में कड़े दिशा -निर्देश दिये गये थे। जिसके संबंध में थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 01.02.2025 को शिकायतकर्ता श्री अशोक कुमार शुक्ला पुत्र नवल किशोर शुक्ला निवासी ग्राम सुजातपुर थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहाँपुर के साथ साइबर फ्राड द्वारा धोखे से ओटीपी प्राप्त कर रु0 3,37,747/- का साईबर फ्राड किया गया, जिस संबंध में आवेदक द्वारा आनलाइन साइबर क्राइम पोर्टल (NCRP) पर आनलाइन शिकायत दर्ज की गयी जिसकी शिकायत सं0-23102250018146 हैं। जिसमें थाना साईबर क्राईम पुलिस टीम व थाना सेहरामऊ दक्षिणी पर गठित साइबर हेल्पडेस्क/साईबर सैल द्वारा शिकायतकर्ता के बैंक एच.डी.एफ.सी बैंक से सम्पर्क कर त्वरित कार्यवाही की गयी जिससे आवेदक/शिकायतकर्ता के कुल धनराशी रु0 3,37,747/- रूपये में से रु0 3,03,000/- आवेदक के खाते में वापस कराये गये व शेष धनराशी हेतु कार्यवाही बैंक के माध्यम से प्रचलित है।

इसी क्रम में शिकायतकर्ता की प्राप्त शिकायत पर साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम व थाना सेहरामऊ दक्षिणी पर गठित साइबर हेल्पडेस्क/साईबर सैल द्वारा तत्परता से संज्ञान लिया गया तथा शिकायतकर्ता से संबंधित साइबर क्राइम शिकायत की डिटेल्स प्राप्त कर गहनता से छानबीन कर उनके साथ हुई ऑनलाइन धोखाधडी की धनराशि रु0 3,03,000/- वापस करायी गयी। साइबर क्राइम थाना जनपद शाहजहांपुर पुलिस टीम व थाना सेहरामऊ दक्षिणी पर गठित साइबर हेल्पडेस्क/साईबर सैल द्वारा की गई इस कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने पूर्ण रुप से संतुष्ट होकर भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुये धन्यवाद दिया गया।

**पुलिस टीम का विवरणः-**

1-निरीक्षक श्री इन्द्रपाल सिंह प्रभारी साइबर क्राइम थाना शाह0
2-निरीक्षक श्री उमेश कुमार मिश्र थाना सेहरामऊ दक्षिणी शाह0
3-उ0नि0 रोहित कुमार साइबर क्राइम थाना शाह0
4-हे0का0 सुजीत कुमार साइबर क्राइम थाना शाह0
5-क0आ0 विकास राणा थाना सेहरामऊ दक्षिणी शाह0
6-का0 पुष्पेन्द्र कुमार साइबर क्राइम थाना शाह0

7-का0 अखिलेश कुमार साइबर क्राइम थाना शाह0

**जागरुक रहे-सजग रहे, साइबर अपराध से सुरक्षित रहे।**
**साइबर अपराध होने पर तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नं0 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराये।**

**मीडिया सेल, जनपद शाहजहाँपुर।**